ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शुक्रवार 28 फरवरी 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 350

विधानसभा में कांग्रेस विधायक बोले- मेरा जूता बात करेगा : टोकने पर MLA को कहा- बीच में डिस्टर्ब मत कर; एक दिन पहले ही गतिरोध टूटा था



24 न्यूज अपडेट

विधानसभा में गतिरोध टूटने के एक दिन बाद ही शुक्रवार को फिर से बदजुबानी का मामला सामने आया है। जनजाति और सामाजिक न्याय की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान डूंगरपुर से कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा ने टोकने पर विधायक से कहा- ओए बात मत कर, नहीं तो मेरा जूता बात करेगा। बीच में डिस्टर्ब मत कर।

घोघरा की जूता बात करेगा वाली बात पर सभापति सहित किसी विधायक ने आपत्ति नहीं की। आगे घोघरा ने कहा- सभापति जी मुझे डिस्टर्ब कर रहे हैं ये। मुझे आपका संरक्षण चाहिए। आप भी पक्षपात नहीं करें।

घोघरा के आरोपों के बाद सभापति संदीप शर्मा ने कहा कि आपको आसन पर इस तरह के आरोप लगाने का अधिकार नहीं है। मैंने उन्हें बोलने की अनुमति थोड़े दी है, आप बोलिए।

एक दिन पहले ही सदन में टूटा था गतिरोध

27 फरवरी को ही सदन में गतिरोध टूटा था। स्पीकर वासुदेव देवनानी, सीएम भजनलाल शर्मा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने एक सुर में इस बात की पैरवी की थी कि सदन में सब विधायक मर्यादित बोलें, मुद्दे की बात करें।

कांग्रेस के सदन में दिए धरने के दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की तरफ से स्पीकर को अपशब्द कहने के मामले पर नेता प्रतिपक्ष ने खेद जताया था। इसके बाद सभी विधायकों को जुबान में संयम और सदन में अच्छे आचरण की बात कही गई, लेकिन आज फिर गणेश घोघरा ने सवाल उठा दिए।

SI पेपर लीक के मास्टरमाइंड के साथी को मिली जमानत:हाईकोर्ट ने कहा- SOG सबूत पेश नहीं कर सकी, आरोपी मौके पर मौजूद था या नहीं



24 न्यूज अपडेट

एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में आरोपी शिवरतन मोट को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। जस्टिस गणेशराम मीणा की अदालत ने आरोपी को जमानत देते हुए कहा- एसओजी अपनी जांच में ऐसा कोई तथ्य पेश नहीं कर पाई, जिससे यह साबित होता हो कि शिवरतन मोट सेंटर पर मौजूद था। आरपीएससी द्वारा जिन व्यक्तियों की ड्यूटी प्रश्न पत्र रखने वाले कमरों के बाहर लगाई गई थी। उस आदेश में भी आरोपी का नाम नहीं है। वहीं, एसओजी का कहना है कि पेपर लीक गैंग के मास्टर माइंड यूनिक भांबू ने अपनी जगह शिवरतन मोट को तैनात किया था। वहीं, आरपीएससी द्वारा लॉक रूम और सेंटर की जो वीडियोग्राफी करवाई गई थी, जिससे यह पता चल सके कि आरोपी मौके पर मौजूद था या नहीं। वो भी एसओजी के पास नहीं है। ऐसे में हाईकोर्ट केस की मैरिट पर बिना कोई टिप्पणी करते हुए याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करना न्यायोचित और उचित समझता है।

एसओजी ने बताया था मास्टरमाइंड का सहयोगी

याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी करने वाले वकील वेदप्रकाश सोगरवाल ने बताया कि एसओजी ने शिवरतन मोट को पेपर लीक के मास्टरमाइंड यूनिक भांबू और जगदीश विश्नोई का सहयोगी बताया है। एसओजी के अनुसार सेंटर पर यूनिक भांबू की ड्यूटी थी। यूनिक भांबू ने रविन्द्र बाल भारती स्कूल के संचालक राजेश खंडेलवाल से मिलकर शिवरतन मोट की सेंटर में एंट्री करवाई। मोट को लॉकर रूम के बाहर खड़ा करके खुद लॉकर रूम में जाकर छिप गया। यहां एसआई भर्ती के पेपर रखे हुए थे। वहां से उसने पेपर निकालकर जगदीश विश्नोई को वॉट्सऐप पर भेजे। वकील वेदप्रकाश सोगरवाल ने बताया- हमने कोर्ट को बताया कि एसओजी के पास ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है, जिससे यह साबित होता हो कि शिवरतन मोट सेंटर पर मौजूद था।

आगरा में पत्नी से परेशान TCS मैनेजर का लाइव सुसाइड



24 न्यूज अपडेट

आगरा में AI इंजीनियर अतुल सुभाष सुसाइड जैसा केस सामने आया है। यहां भी पत्नी से परेशान TCS के रिक्रूटमेंट मैनेजर ने वीडियो बनाकर सुसाइड कर लिया। वीडियो में कहा- सॉरी मम्मी-पापा। मैं पत्नी से तंग आ चुका हूं। प्लीज मर्दों के बारे में कोई तो बात करे, वे बहुत अकेले हो जाते हैं। पत्नी मुझे धमकी देती है। यह 6.57 मिनट का वीडियो 24 फरवरी का है। हालांकि, पत्नी ने आरोपों को गलत बताया। कहा- पति ने जो भी आरोप लगाए हैं, वह मेरा पास्ट था। जो भी था, वह शादी से पहले का था। यह बात सुनकर वे ड्रिंक करते थे। मुझे मारते-पीटते थे। मानव ने वीडियो में कहा- मैं तो चला जाऊंगा। मर्दों की सोचो, प्लीज सोचो, मर्दों के बारे में कोई तो बात करे। बेचारे बहुत अकेले हैं। पापा सॉरी, मम्मी सॉरी, अक्कू (बहन आकांक्षा) सॉरी। मेरे जाते ही सब कुछ ठीक हो जाएगा। कोई आदमी बचेगा ही नहीं, जिसके ऊपर तुम इल्जाम लगा सको।

मानव ने कहा- मैं पहले भी सुसाइड की कोशिश कर चुका हूं। आज फिर कर रहा हूं। चलो, ठीक है, अब जा रहा हूं। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता किसी लॉ एंड ऑर्डर से। मैं अपना बता देता हूं, यार, सबका सेम है। मेरी वाइफ का किसी के साथ अफेयर है। कोई बात नहीं।

इसके बाद वे रोने लगते हैं। आखिरी मिनट में हंसते हैं। कहते हैं करना है तो ढंग से करो। आंसू पोंछते हुए कहते हैं डोंट टच माई पेरेंट्स।

पुणे रेप केस- आरोपी पुलिस कस्टडी में भेजा गया:देर रात अरेस्ट हुआ था; पानी पीने गांव में आया, लोगों ने पुलिस को खबर कर दी



पुणे में खड़ी बस में 26 साल की महिला के साथ हुए रेप का आरोपी महाराष्ट्र के शिरूर तहसील के केगुनाट गांव से गुरुवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। क्राइम ब्रांच पुणे के DCP निखिल पिंगले ने बताया- गन्ने के खेत से आरोपी को देर रात गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तारी के पूरे प्रोसेस में गांववालों ने हमें मदद की। उन्होंने ही बताया कि आरोपी गुनात गांव में आया है। रात में उसने एक घर से पीने का पानी और खाना मांगा। इस दौरान लोगों ने उसे पहचान लिया और जानकारी पुलिस को दे दी। आरोपी को पकड़ने में भी लोगों ने मदद की। पुणे पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा- आरोपी बीती रात 1:10 बजे गुनात गांव से पकड़ा गया। आज उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। एक स्पेशल वकील नियुक्त किया जाएगा। हम केस को जल्दी पूरा करने की कोशिश करेंगे।

फिलहाल आगे की जांच के लिए आरोपी को पुणे भेज दिया गया है। आरोपी दत्तात्रेय रामदास गाडे ने 25 फरवरी को सरकारी स्वारगेट डिपो में इस वारदात को अंजाम दिया था। उस पर 1 लाख रुपए का इनाम था।

रेप के बाद सब्जी की गाड़ी में बैठकर गांव भागा था

रेप की घटना का अंजाम देने के बाद आरोपी पुणे से सब्जी ले जा रहे ट्रक में छिपकर अपने गांव भाग गया। घर पहुंचकर उसने अपने कपड़े और जूते बदले। इसके बाद वह घर से भी निकल गया। पुलिस को सूत्रों से जानकारी थी कि आरोपी गांव में ही गन्ने के खेतों में छिपा हो सकता है। पुलिस ड्रोन और खोजी कुत्तों की मदद से उसकी तलाश कर रही थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 13 टीमें बनाई गई थीं।

दिल्ली विधानसभा में हेल्थ डिपार्टमेंट पर CAG रिपोर्ट पेश



24 न्यूज अपडेट

दिल्ली CM रेखा गुप्ता ने विधानसभा में हेल्थ डिपार्टमेंट से जुड़ी CAG रिपोर्ट रखी। 7 पन्नों की रिपोर्ट में बताया गया कि दिल्ली में हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी है। नर्स और डॉक्टर्स की संख्या पर्याप्त नहीं है। महिलाओं के स्वास्थ्य प्रोग्राम में फंडिंग की कमी है। एंबुलेंस में जरूरी उपकरण नहीं हैं। ICUs की कमी है।

रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली की कम से कम 21 मोहल्ला क्लीनिक में टॉयलेट नहीं है। अस्पतालों में स्टाफ की कमी है। बड़े ऑपरेशन के लिए मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है।

इसके अलावा कोविड-19 के दौरान केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार को जो रकम दी थी, उसका इस्तेमाल ही नहीं किया गया। इस रिपोर्ट पर सोमवार को सदन में चर्चा होगी।

इस बीच विधानसभा से सस्पेंड AAP विधायकों ने राष्ट्रपति से मिलने के लिए समय मांगा है।

तेलंगाना टनल हादसा, मजदूरों के जिंदा बचने की संभावना कम रेलवे की टीमें भी रेस्क्यू में जुटी; 22 फरवरी से 8 मजदूर फंसे हैं




24 न्यूज अपडेट

तेलंगाना के नागरकुर्नूल में निर्माणाधीन श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (SLBC) टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह गया था। घटना को 6 दिन बीत चुके हैं। लेकिन टनल में फंसे 8 मजूदरों को अबतक नहीं निकाला जा सका है। रेस्क्यू जारी है। शुक्रवार को साउथ सेंट्रल रेलवे (SCR) की 2 टीमें भी रेस्क्यू के लिए पहुंचीं। टीम भारी धातुओं को प्लाज्मा कटर और ब्रॉक कटिंग मशीन जैसे आधुनिक उपकरणों से काटने रास्ते से हटा रही है। नेशनल जियोफिजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (NGRI) के वैज्ञानिक भी मौके पर पहुंचे हैं। ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार (GPR) की मदद से मलबे में दबे मजदूरों ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं। TOI की रिपोर्ट vके मुताबिक, किसी भी मजदूर के जीवित मिलने की संभावना बहुत कम लग रही है। नागरकुरनूल के एसपी वैभव गायकवाड़ ने बताया कि मलबा हटाने और लोहे की छड़ों की कटिंग का काम लगातार जारी है। गुरुवार सुबह से मलबा साफ करने और टनल के पानी को बाहर निकालने का काम चल रहा है। शुक्रवार सुबह 7 बजे एक टीम टनल में गई। रेस्क्यू ऑपरेशन में आर्मी, NDRF, SDRF के अलावा राज्य सरकार की अन्य एजेंसियों के 600 के करीब कर्मी जुटे हैं। उत्तराखंड के सिलक्यारा टनल में फंसे लोगों को निकालने वाली टीम को भी इसमें शामिल है।

जीडीपी ग्रोथ तीसरी तिमाही में 6.2% रही:दूसरी तिमाही में ये 5.4% थी, 2024-2025 में 6.5% की दर से बढ़ने का अनुमान

5 साल में GDP का हाल



24 न्यूज अपडेट


वित्त वर्ष 2024-2025 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में GDP ग्रोथ 6.2% रही है। एक साल पहले की समान तिमाही (Q3 FY24) में ये 8.4% रही थी। आज यानी, शुक्रवार 28 फरवरी को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) ने ये डेटा जारी किया।

वित्त वर्ष 2024-2025 में इकोनॉमी के 6.5% की दर से बढ़ने का अनुमान है। इससे पहले जनवरी में जारी किए गए अनुमान में 2024-25 के लिए विकास दर 6.4% आंकी गई थी, जो 4 साल का निचला स्तर है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में GDP ग्रोथ रेट 8.2% थी।

वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में GDP ग्रोथ रेट 6.7% रही थी। हालांकि, दूसरी तिमाही में यह संख्या गिरकर 5.4% पर आ गई थी।

1996 के बाद पहली बार लगातार 5 महीने गिरा बाजार:ऑटो-FMCG में 20% से ज्यादा की गिरावट, चीनी बाजार में इन्वेस्ट कर रहे विदेशी निवेशक

एक साल में सेंसेक्स की 5 सबसे बड़ी सिंगल-डे गिरावट



24 न्यूज अपडेट

आज यानी 28 फरवरी को सेंसेक्स 1414 अंकों (1.90%) गिरकर 73,198 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 420 अंक (1.86%) गिरकर 22,124 के स्तर पर बंद हुआ।


अक्टूबर 2024 से, निफ्टी हर महीने गिरावट में बंद हुआ है। ये 5 महीने में 12% गिर चुका है। 1996 के बाद यह पहली बार है कि बाजार में लगातार पांच महीने गिरावट आई है।

इससे पहले 1996 में जुलाई से लेकर नवंबर महीने के बीच बाजार में लगातार 5 महीने गिरावट दर्ज की गई थी। इन 5 महीनों के दौरान निफ्टी 50 इंडेक्स 26% गिरा था।

1. बीते 5 महीनों में निवेशकों की वेल्थ कितनी घटी है?

30 सितंबर 2024 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 474 लाख करोड़ रुपए था जो 28 फरवरी को घटकर 384 लाख करोड़ रुपए रह गया। यानी, 5 महीनों में निवेशकों की वेल्थ 90 लाख करोड़ रुपए घट गई है।

गोल्ड 1,537 गिरकर 84,056 पर:सोना 10 दिन में 2,677 सस्ता हुआ; चांदी 1,568 सस्ती होकर 93,480 किलो पर



24 न्यूज अपडेट

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 28 फरवरी (शुक्रवार) को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,537 रुपए गिरकर 84,056 रुपए पर आ गया है। कल सोने का दाम 85,593 रुपए पर था। वहीं सोना अपने ऑलटाइम हाई से अब तक 2,677 रुपए गिरा है। 19 फरवरी को गोल्ड ने 86,733 रुपए का ऑलटाइम हाई बनाया था।

वहीं एक किलो चांदी की कीमत आज 1,568 रुपए गिरकर 93,480 रुपए प्रति किलो पर आ गई। कल चांदी का भाव 95,048 रुपए किलो था। चांदी भी अपने हाई से अब तक 5,671 रुपए सस्ती हो गई है। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।


संपादकीय : समझौते से आस

एक ओर रूस के साथ युद्ध में उलझा यूक्रेन अपने हालात संभालने की कोशिश में लगा है, तो दूसरी ओर उसे अमेरिका के साथ अपने संबंधों में संतुलन बनाने के लिए प्रत्यक्ष वा परोक्ष, कई तरह के दबाव का सामना करना पड़ रहा है। यों रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के समांतर इस बात की भी आशंका पहले से जताई जा रही थी कि युद्ध में भविष्य की जरूरतों के मुताबिक यूक्रेन में मूल्यवान खनिज पदार्थों के भंडार पर अमेरिका और रूस कब्जा करने की कोशिश में हैं। अब अमेरिका और यूक्रेन के बीच जिस समझौते पर कदम बढ़ाने की खबर आई है, उससे इस आशंका की पुष्टि होती है कि यूक्रेन शक्तिशाली देशों के लिए क्यों महत्त्वपूर्ण है। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच दुर्लभ खनिजों के दोहन संबंधी समझौते के साथ-साथ एक व्यापक आर्थिक करार की रूपरेखा पर सहमति बन गई है। मगर इसी के साथ युद्ध में युक्रेन को अमेरिकी मदद के परिप्रेक्ष्य पर स्वाभाविक ही सवाल उठे हैं। दरअसल, यूक्रेन में दुर्लभ खनिजों के एक बड़े भंडार को लेकर पहले भी जद्दोजहद चलती रही है। उन खनिजों के भंडार का कुछ हिस्सा अब रूस के कब्जे में है । इसमें अमेरिका की दिलचस्पी कोई नई बात नहीं है। अब रूस ने भी अमेरिका की राह की राह में रोड़ा न अटकाने का भरोसा दिया है। हालांकि इस मसले पर अमेरिका के साथ ताजा सहमति से पहले खनिज समझौते के प्रस्ताव के मामले में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का रुख स्पष्ट रूप से 'अपने देश को नहीं बेचने' का रहा था। दरअसल, यूक्रेन में जिन बेहद अहम खनिजों के खजाने पर अमेरिका और रूस की नजर है, उनका इस्तेमाल आधुनिक हथियार और इलेक्ट्रिक कारों और इस तरह के कई सामान बनाने में होता है। फिलहाल ऐसे खनिजों के मामले में चीन काफी आगे है। यह छिपा नहीं है कि डोनाल्ड ट्रंप रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे बुद्ध के बारे में क्या राय रखते हैं। राष्ट्रपति बनने से पहले और उसके बाद भी ट्रंप ने इस युद्ध को खत्म करने के पक्ष में अपनी साफ राय जाहिर की है, क्योंकि वे इस स्थिति को अमेरिका के लिए नुकसानदेह मानते हैं। हालांकि यूक्रेन और अमेरिका के बीच इस संबंध में समझौते की जिस रूपरेखा पर फिलहाल सहमति बनी है, उसे एक व्यापक समझौते की दिशा में शुरुआती कदम माना जा रहा है, लेकिन यह तभी अपने मौजूदा संदर्भ में जमीन पर उतर पाएगा, जब इसे यूक्रेन की संसद में मंजूरी मिल जाएगी। सच यह है कि रूस के साथ युद्ध में अपनी ताकत को लेकर यूक्रेन का दावा चाहे जो रहा हो, मगर सच यह है कि अगर अमेरिका का आश्वासन न हो तो उसके सामने कई जटिल चुनौतियां खड़ी हो जा सकती हैं। यही वजह है कि अमेरिका के साथ ताजा समझौते के समांतर यूक्रेन अपने लिए अमेरिका से अपने लिए सुरक्षा गारंटी और निरंतर सैन्य समर्थन की उम्मीद कर रहा है। मगर अमेरिका में सत्ता बदलने और डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद जो नई परिस्थितियां पैदा हुई हैं, उसमें अपने क्षेत्र में खनिजों के दोहन पर सहमति देने के बदले यूक्रेन को क्या गारंटी मिलती है, यह देखने की बात होगी । यों अब तक समझौते के बावजूद अमेरिका ने इस मसले पर कोई स् गारंटी नहीं दी है, जबकि यह समझौते के लिए यूक्रेन की ओर से सबसे अहम शर्त थी । फिर भी ताजा समझौते से यह आस जगी है और माना जा रहा है कि युद्ध विराम की कोशिशों में तेजी आ सकती है।

सशक्तीकरण की राह

जमीनी स्तर की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी पितृसत्तात्मक मानसिकता के कारण जहां घटी है, वहीं पुरुषों के दखल ने उनकी भूमिका सीमित कर दी है। पंचायती राज व्यवस्था कायम होने के बाद महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में कई कदम उठाए गए थे। पंचायतों से उन्हें जोड़ने के लिए अवसर भी दिए गए। आज बत्तीस लाख निर्वाचित प्रतिनिधियों में छियालीस फीसद महिला प्रतिनिधि हैं। इससे पंचायत स्तर पर राजनीतिक परिदृश्य बदला है। वहीं ग्रामीण विकास से लेकर कुछ कुप्रथाओं को खत्म करने में मदद मिली है। मगर दुर्भाग्य से महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी 'प्रधानपति' जैसे चलन में उलझ कर रह गई हैं। इस समय कई ग्राम सभाओं और पंचायतों में महिला सरपंचों के पतियों का जिस तरह हस्तक्षेप बढ़ा है, उससे राजनीति में महिलाओं के सशक्तीकरण का उद्देश्य अधूरा रह गया लगता है अचरज की बात है कि बिना किसी अधिकार के 'प्रधानपति' निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के अधिकारों का बेजा इस्तेमाल भी करते देखे गए हैं। चुनी गई महिला प्रतिनिधि के बजाय उनके पति कई बार फैसले लेते दिखते हैं। केंद्र सरकार की एक सलाहकार समिति कहना है कि इस परंपरा को खत्म किया जाना चाहिए। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय को सौंपी रपट में समिति ने सुझाव दिया है कि महिला ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण देकर 'प्रधानपति' प्रथा को खत्म किया जा सकता है। दरअसल, कई राज्यों में 'सरपंचपति' या 'प्रधानपति' जैसे अघोषित चलन ने महिला प्रतिनिधियों को हाशिये पर रख कर उन्हें राजनीति की मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य को काफी हद तक अधूरा बना दिया है। पंचायतों में भ्रष्टाचार बढ़ने के पीछे एक कारण यह भी है। पंचायत राजनीति में 'प्रधानपति' का चलन महिला सरपंचों की राजनीतिक शक्ति को भी कमजोर कर रहा है। इसलिए केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की समिति का यह सुझाव उचित ही है कि 'प्रधानपति' प्रथा को खत्म करने के लिए कई दिशा में कार्य किया जाना चाहिए। पद की जिम्मेदारी से जुड़े हर कार्य का प्रशिक्षण देकर महिलाओं का सशक्तीकरण किया जा सकता है । भागीदारी के साथ प्रतिनिधित्व की व्यवस्था की कामयाबी के लिए एक प्रशिक्षित और निर्णय लेने में पूरी तरह सक्षम महिला प्रधान या सरपंच तैयार किए जाने की जरूरत है।

24 न्यूज अपडेट की खबर का जबर्दस्त असर : 1000 करोड़ के घोटाले के आरोपी नितेन्द्रपालसिंह सेवानिवृत्ति के दिन सस्पेंड, सांसद रावत के पत्र के बाद कार्रवाई



राजस्थान सरकार
कार्मिक (क-3/जांच) विभाग

क्रमांक प.1(46)कार्मिक/क-3/जांच/2025-24422 जयपुर, दिनांक 26.02.25

आदेश

श्री नितेन्द्रपाल सिंह, आर.ए.एस, तत्कालीन सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित/विचाराधीन है।

अतः राज्य सरकार राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 13 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री नितेन्द्रपाल सिंह, आर.ए.एस तत्कालीन सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर को तुरन्त प्रभाव से निलम्बित किये जाने के एतदद्वारा आदेश प्रदान करती है।

श्री नितेन्द्रपाल सिंह, आर.ए.एस., तत्कालीन सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर का निलम्बन काल में मुख्यालय शासन सचिव, कार्मिक विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर के कार्यालय में रहेगा।

श्री नितेन्द्रपाल सिंह, आर.ए.एस., तत्कालीन सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर को निलम्बन अवधि में उनके अवकाश वेतन के बराबर उस सीमा तक यदि वे अर्द्ध वेतन अवकाश पर रहते, के बराबर निर्वाह भत्ता एवं ऐसे वेतन पर अन्य भत्ते नियमानुसार देय होगें।

राज्यपाल की आज्ञा से,

(महेश कुमार मीणा)
शासन उप सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। उदयपुर विकास प्रन्यास (यूआईटी) के तत्कालीन सचिव नितेन्द्रपाल सिंह को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है। यह निलंबन उनकी सेवानिवृत्ति के आखिरी दिन, शुक्रवार को किया गया। सिंह के खिलाफ मिली शिकायतों के आधार पर सरकार ने यह सख्त कदम उठाया। आपको बता दें कि इस बारे में खबर 24 न्यूज अपडेट मे ंचलाए जाने के बाद से तीन दिन से खलबली मची हुई थी। हमारे पास सैंकड़ों लोगों ने संपर्क कर इस मामले में जानकारी ली जिसमें कई पुलिस अधिकारी भी शामिल थे। इस एक्सक्लूसिव खबर की गूंज पीमओ व सीमएओ तक भी रही। आज खबर का जबर्दस्त असर हुआ है व आरोपी को निलंबित किया गया है। सांसद मन्नालाल रावत के पत्र के बाद कार्रवाई तेज सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर नितेन्द्रपाल सिंह और अन्य अधिकारियों के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की थी। इस पत्र के साथ उन्होंने सूत्रों से प्राप्त रिपोर्ट भी संलग्न की थी, जिसमें सिंह के कार्यकाल के दौरान हुए अनियमितताओं और घोटालों का उल्लेख था।

1000 करोड़ से अधिक का घोटाला और अनियमितताएं

मीडिया रिपोर्ट्स और 2022-24 के लेखा अंकेक्षण प्रतिवेदन के अनुसार, उदयपुर विकास प्रन्यास (यूआईटी) के अधिकारियों पर 1000 करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले का आरोप है। साथ ही, नियमों के विपरीत कई प्लानिंग अनुमोदन देने का भी मामला सामने आया है।

सरकारी रिपोर्ट और आगामी कार्रवाई

स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग, उदयपुर ने इस संबंध में अंकेक्षण रिपोर्ट जारी की है। उदयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त सहित कई अधिकारियों ने इस रिपोर्ट का सारांश प्रस्तुत कर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की सिफारिश की है। साथ ही, इस मामले की विस्तृत अंकेक्षण रिपोर्ट तैयार करने की भी मांग की गई है। सांसद डॉ. मन्नालाल रावत द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र के बाद सरकार ने इस मामले में तत्परता दिखाई और नितेन्द्रपाल सिंह के निलंबन का आदेश जारी किया। आदेश में लिखा गया है कि नितेन्द्रपाल सिंह, आर.ए.एस., तत्कालीन सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित / विचाराधीन है। अतः राज्य सरकार राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 13 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री नितेन्द्रपाल सिंह, आर.ए.एस तत्कालीन सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर को तुरन्त प्रभाव से निलम्बित किये जाने के एतदद्वारा आदेश प्रदान करती है। नितेन्द्रपाल सिंह, आर.ए.एस., तत्कालीन सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर का निलम्बन काल में मुख्यालय शासन सचिव, कार्मिक विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर के कार्यालय में रहेगा। नितेन्द्रपाल सिंह, आर.ए.एस., तत्कालीन सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर को निलम्बन अवधि में उनके अवकाश वेतन के बराबर उस सीमा तक यदि वे अर्द्ध वेतन अवकाश पर रहते, के बराबर निर्वाह भत्ता एवं ऐसे वेतन पर अन्य भत्ते नियमानुसार देय होगें। राज्यपाल की आज्ञा से आदेश (महेश कुमार मीणा) शासन उप सचिव ने जारी किया है।

क्रूजर-ट्रॉले की टक्कर से सागवाड़ा के दो दोस्त और एक की पत्नी की मौत, महाकुंभ से लौट रहे थे, कुवैत से हाल ही में लौटे थे



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, डूंगरपुर। राजस्थान के डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा कस्बे में शुक्रवार की सुबह एक मनहूस खबर लेकर आई। महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी क्रूजर जीप एक ट्रॉले से टकरा गई, जिसमें सागवाड़ा के दो घनिष्ठ दोस्त और एक की पत्नी की मौत हो गई, जबकि 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस खबर ने पूरे सागवाड़ा को गहरे शोक में डुबो दिया।

दोस्तों की आखिरी यात्रा, जो कभी सोची नहीं थी

जिस सागवाड़ा में कुछ दिन पहले तक खुशियों की गूंज थी, वहां अब मातम पसरा है। हादसे में जान गंवाने वाले जगदीश प्रजापत (40) पुत्र हीरालाल और भरत प्रजापत (45) पुत्र कचरा सागवाड़ा के रहने वाले थे और कुवैत में नौकरी करते थे। भरत की पत्नी अमृत बाई भी इस दुर्घटना का शिकार हो गईं। दोनों दोस्त कुवैत में मेहनत कर अपने परिवार का भविष्य संवार रहे थे। जगदीश न सिर्फ कुवैत में एक अच्छी नौकरी करते थे, बल्कि वे गौभक्त भी थे और वहां एक गौशाला में सेवा किया करते थे। भरत कुवैत में एक मोटर गैराज में काम करते थे। वे दोनों करीब एक महीने पहले ही परिवार में शादी के चलते सागवाड़ा लौटे थे। कौन जानता था कि यह उनकी आखिरी यात्रा बन जाएगी।

महाकुंभ की आस्था, जो दुख बन गई

सागवाड़ा के टामटिया गांव के 12 लोग 21 फरवरी को प्रयागराज महाकुंभ के लिए रवाना हुए थे। उनमें श्रद्धा थी, आस्था थी, और अपने गांव लौटने की उत्सुकता थी। लेकिन रास्ते में ही यह आस्था एक गहरे दुख में बदल गई।

राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर कस्बा थाना इलाके के देवरी के पास सुबह 6 बजे ट्रॉले से हुई जोरदार टक्कर ने सब कुछ बदल दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आसपास के लोग भी दहशत में आ गए। कुछ ही क्षणों में हंसी-खुशी से भरी जीप चीख-पुकार में बदल गई।

सागवाड़ा में मातमः जो गए, वे अब कभी नहीं लौटेंगे

जिन घरों में शादी के बाद खुशी का माहौल था, अब वहां सन्नाटा है। जिस जगदीश प्रजापत की घर वापसी पर परिवार ने दीप जलाए थे, अब वही घर उनकी अंतिम यात्रा की तैयारियों में लगा है। जिन भरत प्रजापत और उनकी पत्नी अमृत बाई ने अपने परिवार के साथ महाकुंभ की पवित्र यात्रा की, अब उनके बिना उनका घर सूना हो गया है। सागवाड़ा के लोगों को इस दुर्घटना पर विश्वास करना मुश्किल हो रहा है। पूरा गांव गमगीन है। हर गली, हर चौक पर इस हादसे की चर्चा हो रही है। जिन्होंने उन्हें महाकुंभ के लिए विदा किया था, वे अब उनके अंतिम दर्शन के लिए खड़े हैं।

घायलों की स्थिति गंभीर, 5 को कोटा रेफर किया गया

इस भीषण हादसे में देवांगी प्रजापत (20), फाल्गुनी प्रजापत (23), जशोदा (40), तुलसी (40), मोहनलाल (40), सोनिका (23), ममता (19), क्रिश (14) और ड्राइवर निलेश (27) घायल हो गए। इनमें से 5 लोगों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें कोटा रेफर किया गया।

"कल ही स्टेटस लगाया था, आज दुनिया छोड़ दी"

हादसे के 24 घंटे पहले जगदीश प्रजापत ने सोशल मीडिया पर एक स्टेटस डाला था, जिसमें उनकी खुशी झलक रही थी। उन्होंने शायद ही सोचा होगा कि यह उनके जीवन की आखिरी पोस्ट होगी। यह हादसा उन सभी को झकझोर रहा है, जो उन्हें जानते थे।

वल्लभनगरः हाईवे पर मिली महिला की लाश, हत्या की आशंका



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. वल्लभनगर। वल्लभनगर थाना क्षेत्र में चित्तौड़गढ़-उदयपुर हाईवे पर हाज्या खेड़ी पुलिया के पास गुरुवार देर रात एक महिला का शव मिला, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। महिला की गर्दन पर खरोंच के निशान पाए गए, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में संदेह है कि महिला की हत्या कहीं और कर शव को सुनसान हाईवे पर फेंक दिया गया।

सोशल मीडिया से हुई पहचान

घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी अनिल शर्मा और थानाधिकारी धर्मराज मीना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को चित्तौड़गढ़ हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। महिला की पहचान के लिए सोशल मीडिया पर फोटो वायरल की गई, जिससे कुछ घंटों बाद परिजनों का पता चला। परिजनों ने महिला की पहचान मीना बाई (53), पत्नी हुकमी चंद, निवासी रुंदेड़ा, थाना वल्लभनगर, जिला उदयपुर के रूप में की।

गर्दन पर खरोंच के निशान, हत्या की आशंका

थानाधिकारी धर्मराज मीना ने बताया कि महिला के शरीर पर अन्य कोई चोट के निशान नहीं थे, लेकिन गर्दन पर खरोंच के निशान पाए गए, जिससे हत्या की संभावना जताई जा रही है। शव का पोस्टमॉर्टम शुक्रवार दोपहर परिजनों की उपस्थिति में कराया गया और बाद में उन्हें सौंप दिया गया।

गांव जाने की बात कहकर निकली थी, फिर नहीं लौटी

महिला के बेटे विनोद मेनारिया ने पुलिस को बताया कि गुरुवार शाम लगभग 5 बजे उनकी मां गांव में ही किसी काम से जाने की बात कहकर घर से निकली थीं। रात तक घर नहीं लौटीं, फोन भी बंद था। जब परिजनों ने आसपास तलाश की और कोई सुराग नहीं मिला, तो वल्लभनगर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। बाद में सोशल मीडिया पर शव की तस्वीरें वायरल होने के बाद परिजनों को इसकी जानकारी मिली, जिसके बाद वे भदेसर पुलिस से संपर्क में आए।

हत्या, लूट या साजिश? हर एंगल से हो रही जांच

महिला के गर्दन पर खरोंच के निशान से यह संदेह जताया जा रहा है कि हत्या किसी लूट के इरादे से की गई हो। फिलहाल पुलिस इस मामले की हर संभावित एंगल से जांच कर रही है कि –

क्या महिला का अपहरण किया गया था?

हत्या किन कारणों से की गई?

इसमें कोई परिचित शामिल था या कोई अजनबी?

हत्या की वजह आपसी रंजिश तो नहीं?

पति मुंबई में करते हैं नौकरी

मीना बाई के पति हुकमी चंद मुंबई में कुक का काम करते थे। हालांकि, दो साल पहले वे भदेसर लौट आए थे। पांच दिन पहले ही उन्होंने फिर से मुंबई में नौकरी शुरू की थी।

रोडवेज बस में महिला ने दिया बेटे को जन्म



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा से बांसवाड़ा आ रही एक रोडवेज बस में सफर कर रही गर्भवती महिला ने बीच रास्ते में बेटे को जन्म दिया। सड़क खराब होने के कारण अचानक महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। स्थिति बिगड़ती देख अन्य यात्रियों ने बस रुकवाई और बस में सवार महिलाओं ने मिलकर सुरक्षित डिलीवरी करवाई। इसके बाद प्रसूता और नवजात को बस से ही महात्मा गांधी चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां दोनों को भर्ती किया गया।

महिलाओं ने दिखाई तत्परता, बस में करवाई सुरक्षित डिलीवरी

बांसवाड़ा जिले के सज्जनगढ़ निवासी कमला गरासिया अपने पति के साथ रोडवेज बस से सफर कर रही थीं। जब बस बांसवाड़ा शहर के कस्टम चौराहे के पास पहुंची, तो कमला को अचानक प्रसव पीड़ा होने लगी। बस में मौजूद महिलाओं ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए आपसी सहयोग से प्रसव की तैयारी की और सीमित संसाधनों में नॉर्मल डिलीवरी करवाई।

अस्पताल में भर्ती, मां-बेटा दोनों स्वस्थ

डिलीवरी के बाद बस को तुरंत अस्पताल की ओर मोड़ा गया। बस में सवार शारीरिक शिक्षक मनीष वसीटा ने प्रसूता और नवजात को महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती कराया। डॉक्टर अनिल जैन ने बताया कि बच्चे का वजन 2.6 किलोग्राम है और मां-बेटे दोनों स्वस्थ हैं। दोनों को फिलहाल निगरानी में रखा गया है।

महिला के पति बालेश्वर ने बताया कि वे सागवाड़ा काम से गए थे और लौटते समय अचानक दर्द बढ़ गया, जिसके बाद बस में ही महिलाओं ने प्रसव कराया।

REET परीक्षा में नकल कराने की साजिश नाकाम, कॉलेज संचालक गिरफ्तार, होटल से पकड़े गए आरोपी, 1 लाख कैश और 4 मोबाइल जब्त



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जालोर | राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित REET-2024 परीक्षा में नकल कराने की कोशिश कर रहे कॉलेज संचालक और एक फर्नीचर कारोबारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने होटल में दबिश देकर दोनों आरोपियों को पकड़ा। उनके पास से एक लाख रुपए नकद, चार मोबाइल और नकल से जुड़े दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गणेशाराम जाट (निवासी देवड़ा, झाब थाना क्षेत्र, जालोर) – श्री गणेश कॉलेज, देवड़ा का संचालक। भीखाराम बिश्नोई (निवासी रानीवाड़ा रोड, सांचौर) – फर्नीचर कारोबारी।

होटल में बिना आईडी ठहरे थे आरोपी

जालोर एसपी ज्ञानचंद्र यादव ने बताया कि रीट परीक्षा के दौरान 27 और 28 फरवरी को पूरे प्रदेश में सख्त निगरानी रखी जा रही थी। इसी दौरान गुरुवार सुबह 7 बजे पुलिस को सूचना मिली कि जालोर के एक होटल में बिना आईडी जमा किए दो संदिग्ध युवक ठहरे हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल होटल में दबिश दी और दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

चार अभ्यर्थी भी थे साथ, मगर संलिप्तता साबित नहीं

गिरफ्तार भीखाराम अपने बेटे, बेटी और दो भांजे-भांजी को REET परीक्षा दिलाने सांचौर से जालोर लाया था। चारों अभ्यर्थी परीक्षा की दूसरी पारी में शामिल होने वाले थे। हालांकि, जांच में अभी तक उनकी सीधी भूमिका सामने नहीं आई है। एहतियात के तौर पर पुलिस ने चारों अभ्यर्थियों की विशेष निगरानी के निर्देश दिए और परीक्षा केंद्रों पर उनकी चेकिंग करवाई। फोन चैटिंग से नकल कराने की योजना उजागर पुलिस द्वारा जब्त किए गए मोबाइल फोन की जांच में नकल से संबंधित बातचीत और चैटिंग भी सामने आई है। इसके अलावा, पुलिस ने आरोपियों के पास से नकद एक लाख रुपए और कुछ दस्तावेज भी जब्त किए हैं, जो परीक्षा में नकल कराने की योजना से जुड़े हो सकते हैं। नकल माफियाओं पर रहेगी सख्त नजर पुलिस का कहना है कि रीट परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या नकल की कोशिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। इस मामले में आगे की जांच जारी है और अगर चारों अभ्यर्थियों की संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

ऑपरेशन नॉकआउट के तहत जयपुर ग्रामीण पुलिस की बड़ी कार्रवाई



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 28 फरवरी। जयपुर ग्रामीण जिले में अवैध मादक पदार्थ एवं शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन नॉकआउट के तहत बड़ी कार्रवाई कर करीब 1 करोड़ 40 लाख रुपए कीमत की पंजाब निर्मित अवैध शराब व स्मैक जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिले की दूदू थाना पुलिस ने 60 लाख रुपये कीमत की 742 कार्टून शराब सहित ट्रक जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया, वहीं मौखमपुरा पुलिस ने 80 लाख रुपए कीमत की 841 कार्टून शराब सहित ट्रक जब्त किया है। फुलेरा पुलिस ने 3.47 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

उप-महानिरीक्षक पुलिस सह-पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण आनन्द शर्मा ने बताया है कि जिले में नशे रोकथाम तथा इसका कारोबार करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए ऑपरेशन नॉकआउट चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रजनीश पूनियां के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा, सीओ दूदू दीपक खण्डेलवाल, सीओ सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में कार्रवाई के लिए पुलिस की विशेष टीमें गठित कर थाना दूदू, मौखमपुरा एवं फुलेरा क्षेत्र में यह कार्रवाई की गई।

दूदू पुलिस ने 80 लाख की कीमत की अवैध शराब की जब्त

एसपी जालौर ऑफिस के कांस्टेबल किशन लाल की सूचना पर एसएचओ दूदू मुकेश कुमार मय टीम द्वारा एनएच 48 पर दांतरी गांव के पास स्थित होटल जयपुर प्लाजा पर दबिश देकर वहां खड़े एक ट्रक से पुराने कपड़ों की कतरन की गांठों के नीचे छुपा कर रखी पंजाब निर्मित विभिन्न ब्राण्ड की अवैध अंग्रेजी शराब व बीयर के कुल 821 कार्टून जप्त कर अज्ञात आरोपी चालक के खिलाफ आबकारी एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जब्त शराब की कीमत करीब 80 लाख रुपए आंकी गई है।

थाना मौखमपुरा पुलिस ने 60 लाख की शराब के साथ एक आरोपी को पकड़ा

एसएचओ मौखमपुरा संजय मीणा को गुरुवार को जालौर पुलिस से सूचना मिली कि अवैध शराब लेकर एक ट्रक हरियाणा से गुजरात की तरफ जा रहा है जो अभी बगरु के आस पास है। इस पर टीम ने अजमेर जाने वाले रोड पर ट्रक का पीछा कर महला पुलिया के पास नाकाबन्दी कर ट्रक रुकवाया।

ट्रक में कपड़े की गांठ की आड़ में पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब के कुल 742 कार्टून छुपाए हुए थे। इस पर अवैध शराब सहित ट्रक जप्त कर आरोपी चालक जसाराम जाट पुत्र गिरधारी राम उम्र 32 साल निवासी भीमथल थाना धोरीमना जिला बाडमेर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी शराब अवैध रुप से गुजरात लेकर जा रहा था। आरोपी संपर्क के लिए विशेष प्रकार के एप के जरिये कॉल करता था।

थाना फुलेरा पुलिस ने 3.47 ग्राम स्मैक सहित एक आरोपी को पकड़ा

इस अभियान के अंतर्गत एसएचओ फुलेरा श्रवण कुमार मय टीम द्वारा आरोपी संदीप सांसी पुत्र भँवर लाल उम्र 26 साल, निवासी फुलेरा को गिरफ्तार कर अवैध मादक पदार्थ 03.47 ग्राम स्मैक जब्त की है।

रीट परीक्षा में जनेऊ उतरवाया, विप्र फाउंडेशन ने जताई नाराजगी



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित रीट-2024 परीक्षा के दूसरे दिन भी सख्त सुरक्षा जांच की गई। परीक्षा में कुल 5,41,598 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। डूंगरपुर के स्वामी विवेकानंद कॉलेज में परीक्षा देने पहुंचे एक परीक्षार्थी को जनेऊ उतारने के बाद ही एंट्री दी गई जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद से हंगामा मचा हुआ है। विप्र फाउंडेशन व अन्य संगठनों ने इसे धार्मिक आस्था पर प्रहार बताया है। उनका कहना है कि इससे पहले भी सीईटी परीक्षा में बांसवाड़ा के अभ्यर्थी से जनेउ उतरवाया गया था जिस पर प्रदर्शन किए गए थे, इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठनों की ओर से कहा गया कि रीट परीक्षा में जांच जरूरी है लेकिन इस प्रकार के लकीर के फकरी बनते हुए जांच करना सही नहीं है। जनेउ धार्मिक आस्था का मामला है। जनेउ की जांच करने के बाद उसे पहनने की अनुमति आसानी से दी जा सकती थी। सरकार का दखल देकर नियम बदलने चाहिए। अलवर में एक महिला परीक्षार्थी अपने सूट के बटन काटने पर भड़क गई। उसने महिला कर्मचारी से गुहार लगाई कि उसके कपड़ों को नुकसान न पहुंचाया जाए, लेकिन कर्मचारियों ने सुरक्षा जांच के तहत ऐसा किया, जिससे परीक्षार्थी ने नाराजगी जताई। लेट होने पर एंट्री नहीं मिली, प्रेग्नेंट महिला भी रह गई बाहर कई परीक्षा केंद्रों पर 9 बजे के बाद एंट्री बंद कर दी गई। उत्तर प्रदेश से आई एक महिला परीक्षार्थी एंट्री न मिलने से रो पड़ी। अलवर में एक गर्भवती महिला भी कुछ सेकंड की देरी से पहुंची, लेकिन उसे परीक्षा केंद्र में जाने की अनुमति नहीं मिली। उसका कहना था कि वह तेज दौड़ नहीं सकी, इसलिए देर हो गई। उदयपुर में भी कई परीक्षा केंद्रों पर केवल एक मिनट देरी से आने पर अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया। उनका कहना था कि परीक्षा केंद्र को खोजने में देरी की वजह से वे लेट हो गए। लेकिन परीक्षा केंद्र के अधीक्षक नहीं माने।

फेस स्कैनिंग के कारण लंबी कतारें

उदयपुर, अलवर, कोटा और सवाई माधोपुर सहित कई जिलों में फेस स्कैनिंग प्रक्रिया में देरी के कारण परीक्षार्थियों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ा।

पहले दिन भी रही सख्ती

गुरुवार को परीक्षा के पहले दिन भी कड़ी सुरक्षा जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को एंट्री दी गई थी। टम्प्ज् परीक्षा के लिए कुल 14,29,822 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जो राजस्थान के 41 जिलों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा दे रहे हैं।

4 महीने से लापता नाबालिग उषा कंवर की तलाश जारी



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 28 फरवरी। जोधपुर ग्रामीण जिले के भोपालगढ़ थाना क्षेत्र के देवतडा गांव से एक नाबालिग उषा कंवर करीब 4 महीनों से लापता है, जिसकी पुलिस को तलाश है। जोधपुर ग्रामीण जिले के भोपालगढ़ थाना क्षेत्र से लापता नाबालिग उषा कंवर पुत्री राम सिंह शेखावत है। जिसकी उम्र 17 साल रंग गेहुंआ, कद 5 फिट 4 इंच व बदन पतला है, नाबालिग ने घर से जाते समय सलवार सूट एवं गले में लाल चुनरी पहन रखी थी।

नाबालिग उषा कंवर की गुमशुदगी दिनांक 9 नवंबर 2024 को उसके पिता राम सिंह द्वारा थाना भोपालगढ़ पर दर्ज कराई गई थी। जिसके अनुसार उषा दिन में करीब 12 बजे घर पर किसी को बिना बताए कहीं चली गई। पिता की रिपोर्ट पर एमपीआर दर्ज कर नाबालिग की तलाश की जा रही है

गुमशुदा उषा कंवर पुत्री राम सिंह उम्र 17 साल के बारे में जानकारी मिलने पर थाना अधिकारी भोपालगढ़ एवं जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण को सूचित किया जा सकता है।

31 मार्च तक PPF-सुकन्या में जमा कर दें न्यूनतम राशि, ऐसा न करने पर बंद हो जाएगा खाता



24 न्यूज अपडेट

हैदराबाद : यदि आपका पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (PPF) और सुकन्या समृद्धि योजना (SSY) खाता है, तो यह खबर आपके लिए जरूरी है. इस वित्त वर्ष में यदि आपने इनमें पैसे नहीं डालें हैं तो खाता एक्टिव रखने के लिए आप इनमें 31 मार्च 2025 तक कुछ रुपये अवश्य डाल दें. पीपीएफ और एसएसवाई में पैसे नहीं डाले जाने पर ये खाते बंद हो सकते हैं.

PPF, SSY में 31 मार्च तक पैसा डालना क्यों जरूरी

इन खातों में मिनिमम जरूरी राशि नहीं जमा की गई तो ये खाते इनएक्टिव (बंद) हो जाएंगे. बाद में इसको दोबारा एक्टिव करवाने के लिए आपको पेनल्टी भी चुकानी पड़ेगी. गौरतलब है कि PPF और सुकन्या समृद्धि जैसी योजनाओं में मिनमम निवेश बनाए रखना आवश्यक होता है. ऐसा नहीं करने पर खाता निष्क्रिय हो जाता है. वहीं पब्लिक प्रोविडेंट फंड (PPF) खाते के लिए एक वित्त वर्ष में न्यूनम 500 रुपये जमा करने होते है. वहीं, सुकन्या समृद्धि योजना में एक वित्त वर्ष के दौरान न्यूनतम 250 रुपए जमा करने होते हैं.

न्यूनतम राशि जमा न करने पर क्या होगा?

किसी व्यक्ति ने यदि PPF खाते में एक वित्त वर्ष में न्यूनतम राशि 500 रुपए जमा नहीं की तो उसका खाता बंद हो सकता है. इसके अलावा उस खाते से न तो पैसे निकाले जा सकते हैं, ना ही उस पर लोन मिलेगा. इतना ही नहीं यदि आप डेडलाइन 31 मार्च तक आपके द्वारा पैसा नहीं जमा किया जाता है तो आपका खाता इन-एक्टिव हो जाएगा और उसे दोबारा चालू कराने के लिए हर साल के हिसाब से 50 रुपए का जुर्माना लगेगा.

उत्तराखंड के चमोली में एवलांचः 57 मजदूर बर्फ में दबे, 16 रेस्क्यू, 41 की तलाश जारी



24 न्यूज अपडेट

उत्तराखंड के चमोली जिले में शुक्रवार सुबह 7:15 बजे एवलांच आने से 57 मजदूर बर्फ में दब गए। ये मजदूर बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (BRO) की टीम के साथ चमोली-बद्रीनाथ हाईवे पर बर्फ हटाने का कार्य कर रहे थे। हादसा बद्रीनाथ से 3 किलोमीटर दूर माणा गांव में हुआ।

रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, 16 मजदूर बचाए गए

घटना की सूचना मिलते ही सेना की क्विक रिस्पॉन्स टीम, NDRF, SDRF, ITBP और BRO की टीमें राहत कार्यों में जुट गईं। सुबह 11:50 बजे तक 5 कंटेनरों का पता लगाकर 10 मजदूरों को निकाला गया, जिनमें से 4 की हालत गंभीर है। अब तक कुल 16 मजदूरों को बचाया गया, जबकि 41 की तलाश जारी है। खराब मौसम और भारी बर्फबारी के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में कठिनाई हो रही है।

हेलिकॉप्टर और ड्रोन टीम अलर्ट पर

उत्तराखंड के CM पुष्कर सिंह धामी ने SDRF अधिकारियों के साथ आपात बैठक की है। गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी उत्तराखंड सरकार, सेना और राहत एजेंसियों से हालात का जायजा लिया। हेलिकॉप्टर और ड्रोन टीम को भी अलर्ट पर रखा गया है, लेकिन तेज बारिश और बर्फबारी के कारण हेलिकॉप्टर भेजना संभव नहीं हो पा रहा है।

उत्तराखंड के चमोली में एवलांचः 57 मजदूर बर्फ में दबे, 16 रेस्क्यू, 41 की तलाश जारी

उत्तराखंड में भारी बारिश और हिमस्खलन की चेतावनी

मौसम विभाग ने 28 फरवरी की रात तक उत्तराखंड में भारी बारिश और हिमस्खलन का अलर्ट जारी किया है। चमोली के DM संदीप तिवारी ने बताया कि घटनास्थल पर लगातार बारिश और बर्फबारी हो रही है, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कतें आ रही हैं।

कारगिल और कुल्लू में भी एवलांच और भूस्खलन

हिमाचल प्रदेश में भी तीन दिन से बर्फबारी और भारी बारिश हो रही है, जिससे लाहौल-स्पीति, चंबा और किन्नौर में सड़कें बंद कर दी गई हैं। कुल्लू में भारी बारिश से घरों में पानी घुस गया और कई गाड़ियां मलबे में दब गईं। वहीं, कारगिल में भी शुक्रवार को एवलांच हुआ। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में 10वीं, 11वीं और 12वीं की परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं, जो अब 24 और 25 मार्च को होंगी।

रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है, लेकिन खराब मौसम से बचाव कार्य में बाधाएं आ रही हैं। सरकार और राहत एजेंसियां स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

रीट परीक्षा देने आई अभ्यर्थी ने बच्ची को दिया जन्म, आधा पेपर ही दे पाई




24 न्यूज अपडेट

रीट परीक्षा देने पहुंची प्रियंका चौधरी को परीक्षा के दौरान ही प्रसव पीड़ा होने लगी, जिसके बाद केंद्र स्टाफ ने उन्हें 108 एंबुलेंस से जिला मुख्यालय स्थित जनाना अस्पताल पहुंचाया। जहां उन्होंने स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। यह उनकी पहली संतान है।

जनाना अस्पताल के प्रभारी डॉ. विनोद परवेरिया ने बताया कि मालपुरा क्षेत्र के बागड़ी गांव निवासी प्रियंका चौधरी (27) पत्नी जीतराम जाट गुरुवार को निवाई के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बरोनी में रीट परीक्षा देने आई थीं। परीक्षा के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्होंने केंद्र कर्मचारियों को सूचित किया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर प्रियंका को तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां नॉर्मल डिलीवरी के जरिए उन्होंने बच्ची को जन्म दिया। बेटी के जन्म से परिवार में खुशी का माहौल है, लेकिन परीक्षा बीच में छूट जाने से प्रियंका और उनके पति को अफसोस भी है। प्रियंका परीक्षा का आधा ही प्रश्न पत्र हल कर पाईं थीं।

उदयपुर में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई रीट परीक्षा, दूसरे दिन 91.29 प्रतिशत रही उपस्थिति



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 फरवरी। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा 27 व 28 फरवरी को उदयपुर जिले में जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। परीक्षा के दूसरे दिन कुल 91.29 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं जिले में दो दिन की औसत उपस्थिति 94.13 प्रतिशत रही। परीक्षा समन्वयक एवं एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि दूसरे दिन सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक द्वितीय लेवल के लिए परीक्षा हुई। 55 केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में कुल 91.29 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। इससे पूर्व 27 फरवरी को पहली पारी में 95.08 तथा द्वितीय पारी में 96.03 प्रतिशत उपस्थिति रही थी। परीक्षा समाप्ति के पश्चात बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ओएमआर शीट, प्रश्न पत्र पंजिका सहित अन्य दस्तावेजों का संधारण एवं संग्रहण किया गया।

दूसरा 'ॐ शांति साहित्य गौरव सम्मान' आशा पांडे ओझा को, महिला दिवस पर दिल्ली में किया जाएगा सम्मानित



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 फरवरी। वर्ष 2025 का दूसरा 'ॐ शांति साहित्य गौरव सम्मान' उदयपुर की सुविख्यात कवयित्री आशा पाण्डेय ओझा 'आशा' को दिया जाएगा। ॐ शान्ति साहित्य मेमोरियल, दिल्ली के अध्यक्ष और ख्यातनाम कवि नरेश शांडिल्य ने बताया कि आठ मार्च महिला दिवस के दिन एक समारोह में आशा को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। कविता विधा में उनके स्तरीय अवदान के लिए कवयित्री आशा को अंगवस्त्र, नारियल, प्रशस्ति पत्र और ग्यारह हजार की राशि से सम्मानित किया जाएगा। आशा पाण्डेय ओझा 'आशा' की अब तक ग्यारह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। वे साहित्य की हर विधा में लेखन करती हैं। गीत, ग़ज़ल कविता, कहानी, आलेख, निबंध, संस्मरण, यात्रा वृत्तांत सहित कई विधाओं पर अपनी कलम चला चुकी हैं। संस्थापक नरेश शांडिल्य ने अपने माता-पिता स्व. ओम प्रकाश शर्मा और स्व. शांति देवी की पुण्य स्मृति में पिछले वर्ष संस्थान की स्थापना की थी।

दक्षिण राजस्थान का सबसे बड़ा उद्यमिता सम्मेलन – टाईकॉन उदयपुर 2025

7मार्च को लेकसिटी में होगा आयोजन, देश-प्रदेश के विशेषज्ञ और उद्यमी होंगे शामिल



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। दक्षिण राजस्थान का सबसे बड़ा उद्यमिता सम्मेलन टाईकॉन उदयपुर 2025 का आयोजन 7 मार्च को रेडिसन ब्लू, उदयपुर में होगा। इस सम्मेलन की थीम "21वीं सदी के अगले चरण के लिए तैयार" रखी गई है। इस आयोजन की जानकारी देने के लिए 28 फरवरी को जगत होटल, उदयपुर में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। टाई उदयपुर अध्यक्ष संदीप बापना ने बताया कि यह सम्मेलन स्टार्टअप इकोसिस्टम, उद्यमिता विकास और निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता और उद्योग जगत के विशेषज्ञ शामिल होंगे, जिनमें रोहित कपूर (CEO, Swiggy), अलोक बाजपेई (MD & Group CEO, Ixigo), नितिन सेठी (Joint President & CDO, Adani Group), तेज कपूर (Director, ICICI Venture), अवनीश आनंद (Co-Founder, CaratLane), विशेष खुराना (Co-Founder, Shiprocket), जतिन त्रिवेदी (Senior Partner, LJ Travels & Co.), धीरज जैन (Founder, Redcliffe Labs), राजत मेहता (CEO, Mehta Equities Wealth) और डॉ. शीना झंवर (CEO, Apex Hospitals) शामिल हैं। कार्यक्रम में नेटवर्किंग, पिच सेशंस, पैनल डिस्कशन, मास्टर क्लासेस और फंड रेजिंग के अवसर भी होंगे। टाईकॉन 2025 का उद्देश्य उदयपुर और दक्षिण राजस्थान के स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। स्टार्टअप ईकोसिस्टम पर होगी विस्तृत चर्चा प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उदयपुर के स्टार्टअप इकोसिस्टम, स्थानीय बाजार की स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर गहन चर्चा की गई। संदीप बापना ने कहा कि टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में उदयपुर में अपार संभावनाएं हैं, लेकिन सही मार्गदर्शन की जरूरत है। मनीष गोधा ने बताया कि टाईकॉन जैसे मंच स्टार्टअप्स और निवेशकों को जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। विनय राठी ने उदयपुर को बिजनेस और इनोवेशन हब बनाने के लिए नेटवर्किंग और इन्वेस्टमेंट की जरूरत पर जोर दिया। ऋषभ वर्डिया और विकास श्रीमाली ने कहा कि टाई उदयपुर लगातार स्टार्टअप्स को मेंटरशिप, नेटवर्किंग और निवेश से जोड़ने का कार्य कर रहा है। हितेश गांधी ने बताया कि स्टार्टअप्स को सही संसाधन, नीतियां और निवेशकों तक पहुंच आवश्यक है, टाईकॉन 2025 इस दिशा में बड़ा कदम साबित होगा। परिक्षित तलेसरा ने कहा, "आज के समय में नेटवर्किंग और नॉलेज शेयरिंग ही सफलता की कुंजी है। टाईकॉन 2025, नवाचार और उद्यमिता को नई दिशा देगा।" राहुल जीनगर ने कहा, "उदयपुर का स्टार्टअप इकोसिस्टम तेजी से विकसित हो रहा है और इसे सही मार्गदर्शन की जरूरत है। टाईकॉन 2025 इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।"

13वें श्री फतेहसिंह राठौड़ स्मृति संरक्षण पुरस्कार - 2025 की घोषणा

डॉ. कमलेश शर्मा को मिलेगा पीपल एंड नेचर सर्विसेज टू वाइल्डलाइफ अवार्ड



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। बाघ संरक्षण क्षेत्र में कार्यरत रणथंभौर की विश्व प्रसिद्ध संस्थाटाइगर वॉच की ओर से वन्यजीव संरक्षण के लिए प्रतिवर्ष दिए जाने वाले प्रतिष्ठित श्री फतेहसिंह राठौड़ स्मृति वन्यजीव संरक्षण पुरस्कारों की घोषणा की गई है। इसके तहत पर्यावरणीय विषयों पर लेखन और वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी के माध्यम से पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में जनजागरूकता पैदा करने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर व लेखक डॉ. कमलेश शर्मा को पीपल एंड नेचर" सर्विसेज टू वाइल्डलाइफ अवार्ड के लिए चुना गया है।

टाइगर वॉच के ख्यातिप्राप्त जीव विज्ञानी डॉ. धर्मेंद्र खांडल ने बताया कि डॉ. कमलेश शर्मा को उनके पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में दीर्घकालिक समर्पण व स्वस्फूर्त प्रयासों के लिए सवाईमाधोपुर में आयोजित होने वाले 13वें श्री फतेहसिंह राठौड़ स्मृति व्याख्यान एवं संरक्षण पुरस्कार - 2025 समारोह में प्रतिष्ठित "पीपल एंड नेचर" सर्विसेज टू वाइल्डलाइफ अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह समारोह 1 मार्च, 2025 को दोपहर 3:30 बजे फतेह पब्लिक स्कूल, सवाई माधोपुर में आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि यह आयोजन टाइगर वॉच के संस्थापक और संरक्षक, स्वर्गीय फतेहसिंह राठौड़ के जीवन और विरासत का सम्मान करता है। रणथंभौर में उनके अनथक कार्य और उसके बाघों के प्रति समर्पण ने दुनिया भर में अनगिनत व्यक्तियों को वन्यजीव संरक्षण के लिए प्रेरित किया। यह समारोह उन सभी व्यक्तियों को एक साथ लाता है जिन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य में योगदान दिया है, अपनी कहानियों को साझा करने और स्थानीय और राष्ट्रीय संरक्षणवादियों के उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

इन कार्यों के लिए हुआ डॉ. शर्मा का चयन

डॉ. खांडल ने बताया कि वर्तमान में पुलिस मुख्यालय,जयपुर में कार्यरत डॉ. शर्मा का चयन द्वारा पिछले 25 वर्षों से जनसंपर्क पत्रकारिता के माध्यम से पर्यावरण, वन्यजीव और पक्षियों के संरक्षण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। देशभर की प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं में आपके आलेखों का प्रकाशन हुआ है। बोम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी की मैगजीन में दुर्लभ व खतरे के निकट पक्षियों, वन्यजीवों, तितलियों, वृक्षों की खोज और वन्यजीव व पक्षियों के संरक्षण से संबंधित विषयों पर आलेख व शोध रिपोर्ट्स के प्रकाशन के साथ ही डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर व जयपुर जिले में आयोजित हुए बर्ड फेस्टिवल की शुरूआत में आपकी सक्रिय भूमिका रही। इसके अलावा कुंभलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में बाघों के पुनर्वास के प्रति ग्रामीण जनमानस में पसरी भ्रांतियों को दूर कर जनजागरूकता पैदा करने में सक्रिय भूमिका निभाने, डूंगरपुर में खतरे के निकट घोषित ब्लेक हेडेड आईबीस के सैकड़ों घौंसलों वाले पेड़ काटे जाने पर दो सौ से अधिक पक्षियों व चिक्स को जीवनदान देने, तथा श्यामपुरा में एक साथ 38 प्रजातियों की पक्षियों की अवस्थिति को उद्घाटित कर इसे वन प्रकृति शिक्षा केन्द्र बनाने की मुहिम चलाने के लिए डॉ. शर्मा का चयन किया गया है।

जनसुनवाई में सांसद के पास आए 60 प्रतिनिधिमंडल, कई मांगों का मौके पर ही किया समाधान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सांसद मन्नालाल रावत ने शुक्रवार को जिला परिषद स्थित अपने कार्यालय में जन सुनवाई की और जनता के अभाव अभियोग सुने। इस दौरान करीब 60 लोगों ने व्यक्तिगत व प्रतिनिधिमंडल के साथ मिलकर अपनी परिवेदनाएं दी जिनमें से ज्यादातर का मौके पर ही समाधान किया गया। कुछ परिवेदनाओं का समाधान जल्दी करने के लिए सांसद डॉ रावत ने अधिकारियों से फोन पर बात की और तत्काल निवारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र से भी प्रतिनिधिमंडल आए। ज्यादातर लोगों की मांग संपर्क सडक निर्माण, स्कूल कक्षा कक्ष, पंचायत के विकास कार्यों, अधिकारियों द्वारा कार्रवाई नहीं करने तथा आवारा कुत्तों को लेकर आई जिन पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बसों के ठहराव की मांगः भाजपा छप्पन मंडल सलूंबर के उपाध्यक्ष नारायण सिंह व प्रतिनिधिमंडल ने गांव चाटपुर में बसों के ठहराव की मांग की। उन्होंने बताया कि उदयपुर से बांसवाडा वाया सलूंबर चलने वाली रोडवेज की बसों का ठहराव ग्राम चाटपुर पंचायत खेराड में नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। इस पर सांसद ने कार्यालय से ही अधिकारी से बात कर इसका समाधान तुरंत निकालने के निर्देश दिए। कुंडली को ग्राम पंचायत बनाने की मांगः कुंडली, नयागांव व गामडी के लोगों ने कुंडली को ग्राम पंचायत को लेकर मांग पत्र दिया जिसमें उन्होंने बताया कि वर्तमान में यह कराकला पंचायत में है तथा इस राजस्व गांव की जनसंख्या 1126 है जो पंचायत का सबसे बडा गांव है। नयागांव व गामडी भी पास में है जिनको मिलाकर कुंडली पंचायत बनाई जाए। इस पर सांसद ने सरकार को मांग पत्र भेजने का आश्वासन दिया। मोबाइल टॉवर लगाने की मांगः गिर्वा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पोपलटी की प्रशासक मीरा मीणा व प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में मोबाइल टॉवर लगाने की मांग की। टॉवर नहीं होने से नेटवर्क की दिक्कत रहती है और किसी प्रकार की राज्य व केंद्र योजनाओं का लाभ भी इस कारण ग्रामीणों को नहीं मिल पाता। इस पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। हाई मास्ट लाइट की मांगः पंचायत समिति सेमारी के गांव बडावली के अंबे चौक व गणपति चौक में हाई मास्ट लाइट की मांग को लेकर उपसरपंच शांतिलाल टेलर व पंचायत समिति सदस्य कंकुदेवी पटेल प्रतिनिधिमंडल के साथ आए। इस मांग का समाधान जल्दी करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

बोलेरो गाड़ी चोरी के मामले में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. झाड़ोल। थाना झाड़ोल क्षेत्र में बोलेरो चोरी की घटना के मामले में पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी विजेंद्र गरासिया, निवासी खराड़ी वाडा, थाना पहाड़ा, उदयपुर, ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रामलाल कलाल और उनकी पत्नी मणी देवी कलाल को दर्शन कराने के लिए कमलनाथ महादेव मंदिर, झाड़ोल ले गया था। उन्होंने अपनी बोलेरो गाड़ी को शनि महाराज मंदिर के पास पार्क किया, लेकिन दर्शन के बाद लौटने पर गाड़ी गायब मिली। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल और वृताधिकारी नेत्रपाल सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी फेलीराम मीणा व उनकी टीम ने तकनीकी सहयोग और सूचना तंत्र के आधार पर शांतिलाल (पुत्र स्व. प्रभुलाल, निवासी दमाणा, थाना झाड़ोल, उदयपुर) को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी शांतिलाल झाड़ोल थाने का हिस्ट्रीशीटर है, जिस पर चोरी, लूट और मारपीट के सात मामले दर्ज हैं। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

होम साइंस एल्युमनी मीट का आगाजतीन-चार दशक बाद मिली पूर्व छात्राओं ने खूब की हंसी ठिठोली, लगाए ठुमके



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 फरवरी। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संघटक सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय (होम साइंस कॉलेज) की दो दिवसीय एल्युमनी मीट शुक्रवार को शुरू हुई। कार्यक्रम में वर्ष 1981 से 1995 बैच की पूर्व छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कई पूर्व छात्राएं सात समंदर पार लंदन और अमेरिका से पहुंचीं और कॉलेज परिसर में हंसी-ठिठोली करते हुए पुरानी यादों को ताजा किया। कई पूर्व छात्राएं, जो नामचीन अधिकारी और उद्यमी हैं तथा टेक्सटाइल और फूड प्रोसेसिंग में अच्छा नाम कमा चुकी हैं, उन्होंने अपने-अपने स्टॉल लगाए। इन स्टॉल्स पर पूर्व छात्राओं और वर्तमान में अध्ययनरत छात्राओं ने गर्मजोशी से खरीदारी की। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूर्व छात्राओं ने जमकर ठुमके लगाए और मनभावन प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमपीयूएटी के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि इस महाविद्यालय ने समाज को कई जाने-माने वैज्ञानिक और शिक्षक दिए हैं, जिन्होंने विश्वविद्यालय एवं समाज के लिए अविस्मरणीय योगदान दिया। उन्होंने आह्वान किया कि पूर्व छात्राएं वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायता एवं मार्गदर्शन करें। यह महाविद्यालय वर्ष 1966 में स्थापित हुआ, जबकि पंतनगर में 1976 में होम साइंस कॉलेज शुरू हुआ। इससे स्पष्ट है कि उदयपुर एवं मेवाड़ में महिला शिक्षा की अलख बहुत पहले ही जग चुकी थी। आज महिलाएं न केवल गृह विज्ञान बल्कि इंजीनियरिंग, डॉक्टरी पेशे में अपना नाम कमा रही हैं तथा हवाई जहाज और रेल तक चला रही हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई पीढ़ी महाविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुनीता मिश्रा, कुलपति, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गृह विज्ञान के समाज के विकास में योगदान पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज के दिन हम वैज्ञानिक डॉ. सी.वी. रमन को याद करते हैं, क्योंकि उन्होंने प्रकाश के रमन प्रभाव की खोज की थी। आज महिलाएं विज्ञान और तकनीक में नए आयाम स्थापित कर रही हैं। नैनो टेक्नोलॉजी से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक, महिलाएं पुरुषों से एक कदम आगे विभिन्न क्षेत्रों में नित नए आविष्कार कर रही हैं। यही नहीं, घर संभालने वाली महिलाएं भी किसी वैज्ञानिक से कमतर नहीं आंकी जा सकती हैं। विशिष्ट अतिथि कुंवरानी साहिबा श्रीमती निवृत्ति कुमारी मेवाड़ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय का शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रसार गतिविधियों में योगदान अमूल्य है। एमपीयूएटी कृषि में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ ही उनके स्वास्थ्य, सैनिटेशन और जैविक खेती के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है, जिसकी वे स्वयं साक्षी रही हैं। उन्होंने पूरे स्टाफ को समाज के लिए मेहनत एवं लगन से कार्य करने के लिए धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय की कार्यवाहक अधिष्ठाता, डॉ. सुमन औदीच्य ने महाविद्यालय की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए अब तक की गतिविधियों की जानकारी दी। होम साइंस कॉलेज पूर्व छात्रा कल्याण परिषद की अध्यक्ष, डॉ. सुमन सिंह ने एल्युमनी मीट की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया और बताया कि इस समागम में लगभग 200 पूर्व छात्राएं भाग ले रही हैं। कार्यक्रम में होम साइंस एल्युमनी एसोसिएशन के लोगो का विमोचन भी किया गया। साथ ही महाविद्यालय में लंबे समय तक विशेष योगदान के लिए वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया गया। अंत में परिषद की सचिव डॉ. गायत्री तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

लंबे समय से फरार वारंटी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. झाड़ोल। झाड़ोल पुलिस ने लंबे समय से फरार एक गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल और वृत्ताधिकारी नेत्रपाल सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी फैलीराम मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। झाड़ोल के एसीजेएम न्यायालय के प्रकरण संख्या 24/2018 (धारा 138 एनआई एक्ट) में फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी रमेश चंद्र (पुत्र सरदारा, निवासी शिवपुरा, थाना झाड़ोल, उदयपुर) को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया।

4.270 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



24न्यूजअपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। पुलिस ने विशेष अभियान के तहत 4.270 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) गोपाल स्वरूप मेवाड़ा और वृत्ताधिकारी (कोटड़ा) राजेंद्र सिंह राठौड़ के सुपरविजन में थानाधिकारी देवीलाल (मांडवा) एवं उनकी टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। 27 फरवरी 2025 को बिकरणी से बेकरियाबड़ आम रोड पर पुलिस ने आरोपी लुका (पुत्र नाथिया, निवासी सामोली फला पोलेगरा, थाना मांडवा) को 4.270 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ पकड़ा। आरोपी के खिलाफ प्रकरण संख्या 15/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

ब्राउनशुगर का खरीददार गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. भूपालपुरा। फरवरीः पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान के तहत ब्राउनशुगर खरीदने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश ओझा और वृत्ताधिकारी (नगर पूर्व) छगन पुरोहित के सुपरविजन में थानाधिकारी आदर्श कुमार (भूपालपुरा) एवं उनकी टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी कुंदन (पुत्र स्व. दिनेश, निवासी जनता मार्ग, सूरजपोल, जिला उदयपुर, हाल किराये का मकान दृ अकीम खान घोड़े वाले की गली, अम्ल का कांटा, थाना सूरजपोल, उदयपुर) को पकड़ा गया।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।